हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 12 जुलाई 2025

04 गर्मी में काम रोककर रखा, अब भरी बारिश में ...



07 लाखों के घोटाले में आदेश के बाद भी ...






## खबर संक्षेप

### रिक्त पदों के लिए 4 अगस्त तक आवेदन आंमत्रित किए गए

**सीहोर।** ऊर्जा विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) में विभिन्न श्रेणियों के 633 रिक्त पदों पर भर्ती के लिये योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आंमत्रित किये गये हैं। रिक्त पदों में सहायक अभियंता, विधि अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता, ट्रांसमिशन लाइन परिचारक, उपकेन्द्र परिचारक, सर्वेयर परिचारक के पद शामिल हैं। इन पदों के लिये ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 04 अगस्त 2025 है। रिक्त पदों में द्वितीय श्रेणी के सहायक अभियंता (पारेषण) के 63 पद, विधि अधिकारी के 01, कनिष्ठ अभियंता पारेषण के 247, कनिष्ठ अभियंता (सिविल) के 12, ट्रांसमिशन लाइन परिचारक के 67, उपकेन्द्र परिचारक के 229 एवं सर्वेयर परिचारक के 14 पद शामिल हैं। भर्ती प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी एम.पी. ट्रांसको की अधिकृत वेबसाइट mptransco.in अथवा एम.पी. ऑनलाइन की वेबसाइट mponline.gov.in अथवा Iforms.mponline.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

### परामर्शदात्री समिति की बैठक 14 को आयोजित

**सीहोर।** जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक 14 जुलाई को सायं 4.00 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की जावेगी। बैठक में कर्मचारी संघो के पदाधिकारियों द्वारा प्रस्तुत किये गये कर्मचारी हित की मांग/एजेण्डा/विषयों पर चर्चा की जावेगी।

### 30 से पहले अपना ओटीआर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य

**सीहोर।** कक्षा नौवीं से कॉलेज स्तर तक अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के विद्यार्थी जिन्हें केन्द्र प्रवर्तित प्री-मैट्रिक अथवा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त होता है और जिनके परिवार की वार्षिक आय सीमा 02 लाख 50 हजार से कम है, उन्हें वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) कराना अनिवार्य है। विद्यार्थियों को एक बार ओटीआर नम्बर प्राप्त करने के पश्चात भविष्य में भी आगामी कक्षाओं में इसी नम्बर के आधार पर छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ मिल सकेगा तथा फिर से ओटीआर कराने की आवश्यकता नही होगी। विद्यार्थी को 30 जुलाई 2025 से पहले अपना ओटीआर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। ओटीआर के लिए विद्यार्थी के आधार नम्बर से मोबाइल नंबर एवं बैंक खाता (एनपीसीआई) लिंक होना अनिवार्य है।

### 6 अगस्त को निकाली जाएगी कावड यात्रा, देश भर के श्रद्धालु सीवन के तट से जल लेकर करेंगे भोले बाबा का अभिषेक

# सुबह से शिवभक्त सीवन नदी पहुंचे, कांवड़ में जल लेकर जा रहे कुबेरेश्वर धाम, एक माह चलेगा मेला

इस माह में 14, 21, 28 जुलाई और 4 अगस्त को सोमवार आएंगे। 14 जुलाई को गणेश चतुर्थी है। 21 जुलाई को सर्वार्थसिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग और एकादशी का संयोग है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीवन नदी से कुबेरेश्वरधाम कांवड़ लेकर जाने शिवभक्तों का सिलसिला भोर होने के साथ ही शुरू हो गया। कांवड़ मेला एक माह आगामी 8 अगस्त तक चलेगा। इसी के साथ 6 अगस्त को शहर के सीवनघाट से सुबह नौ बजे भव्य कांवड यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें स्वयं कुबेरेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित प्रदीप मिश्रा शामिल होंगे। यह यात्रा सीवन नदी से करीब 11 किलोमीटर पैदल चलकर धाम पर पहुंचेगी, जहां पर भव्य आरती की जाएगी और बाबा को जल अर्पित किया जाएगा।

कुबेरेश्वर धाम का कावड़ मेला हर साल भक्तों के लिए एक विशेष अवसर होता है। इस मेले में भक्तगण श्रद्धा और भक्ति के साथ कावड़ लेकर चलते हैं और भगवान शिव को जल अर्पित करते हैं। यह मेला न केवल धार्मिक भावना को प्रकट करता है, बल्कि समाज को एकजुट करने का भी कार्य करता है। कावड़ यात्रा में शामिल होने वाले भक्त, शहर की जीवनदायनी मां सीवन से जल भरकर 11 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हैं, जो उनकी भक्ति को दर्शाता है। इस यात्रा में कठिनाइयों का सामना करते हुए भी, लोग अपने श्रद्धा भाव के साथ आगे बढ़ते हैं। कुबेर भंडारी की कावड़ विशेष रूप से कष्टों के निवारण के लिए मानी जाती है, और भक्तगण इसे लेकर अत्यधिक श्रद्धा रखते हैं।



कावड़ मेला सावन मास के साथ ही शुरू हो गया है और आगामी 8 अगस्त तक चलेगा।

#### पंडित प्रदीप मिश्रा भी कांवड़ यात्रा में चलेंगे कांवड़ लेकर

शिव भक्त सीहोर से मां सीवन के जल लेकर बाबा कुबेर भंडारी को चड़ाते हैं एवं कंकर शंकर पूजन करते हैं। सर्व कार्य सिद्ध करने वाली कावड़ पूज्य गुरुदेव प्रदोष के दिन समर्पित करते हैं। पंडित प्रदीप मिश्रा के साथ जो भक्त कावड़ चड़ाने आते हैं वो मन में जो कामना लेकर आते हैं। बाबा प्रदोष की कावड़ का जल लेकर उस भक्त की कामना पूरी करते हैं। इस वर्ष की कावड़ प्रदोष की पूज्य गुरुदेव के साथ 6 अगस्त सुबह 9 बजे सीहोर शहर के सीवन घाट से भरा कर 11 किलो मीटर दूर बाबा धाम जाएगी। बाबा पर प्रदोष के दिन कावड़ जल गुरुजी के साथ चढ़ाया जाएगा। विठलेश सेवा समिति के समीर शुक्ला ने बताया कि एक माह का कावड़ मेला सावन मास क आगाज के साथ ही शुरू हो गया है। सभी शिव भक्त बाबा को कावड़ जल चढ़ाकर अपने जीवन को सफल करे। विठलेश सेवा समिति के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि सावन का महीना भगवान शिव को बहुत प्रिय है, इस महीने भगवान शिव की पूजा अर्चना से भगवान भोलेनाथ आसानी से प्रसन्न हो जाते हैं। इसका एक आसान उपाय कांवड़ यात्रा भी है। इसके अनुसार शिव-भक्त भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए कांवड़ यात्रा निकालते हैं। पवित्र नदी का जल लेकर कठिन व्रत का पालन करते हुए घर के पास या किसी पौराणिक शिवालय में जल-अर्पित करते हैं। मान्यता है कि इससे भक्त की मनोकामना पूरी होती है। कुबेरेश्वर धाम में





श्रावण मास की शुरुआत के साथ सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और पूजा-अर्चना में जुटे हैं। पंडित प्रदीप मिश्रा ने बताया कि देवउठनी एकादशी पर भगवान नारायण अपना कार्यभार शिवजी को सौंप देते हैं। कुबेरेश्वर धाम में पूरे महीने अभिषेक और अलग-अलग धार्मिक आयोजन होंगे।

### महिला ने पति और बेटे का जहर पिलाने का आरोपियों पर लगाया आरोप

# महिला ने आईजी से की शिकायत, दूसरा पक्ष बोला डराने के लिए खुद पी लिया जहर



**सीहोर।** घाटपलासी गांव में जमीनी विवाद के चलते एक पक्ष पर दूसरे पक्ष के लोगों को जहर पिलाने का आरोप लगा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार कैलासी बाई मीणा ने आरोप लगाया है कि 26 जून को कुछ लोगों ने उनके पति सुरेश मीणा और बेटे के साथ मारपीट की। आरोपियों ने दोनों को जबरन कीटनाशक दवा भी पिला दी।

**आरोपियों ने पहले भी बेटे के साथ मारपीट की थी :** घटना के बाद दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़िता ने बताया कि इससे पहले भी आरोपियों ने उनके बेटे के साथ मारपीट की थी। न्याय की मांग को लेकर कैलासी बाई भोपाल पहुंचीं। उन्होंने आईजी को ज्ञापन सौंपकर परमानंद मीणा, महेश, विश्राम, भूरा, रामनिवास और दिनेश की गिरफ्तारी की मांग की है।

**दूसरे पक्ष को डराने के लिए खुद दवा पीने का आरोप :** कैलासी बाई ने कहा कि उनके परिवार को इन लोगों से जान-माल का खतरा है। उन्होंने श्यामपुर थाना प्रभारी को कार्रवाई के लिए निर्देश देने की मांग की है। आईजी ने जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।हालांकि, एसडीओपी पूजा शर्मा के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पीड़ित ने दूसरे पक्ष को डराने के लिए खुद ही दवा पी थी।

### जिले में अब तक 349.9 एमएम बारिश

**सीहोर।** जिले में 1 जून से 11 जुलाई को सुबह 8 बजे तक 349.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 209.3 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से 11 जुलाई 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 350.4, मिलीमीटर, श्यामपुर में 309.8, आष्टा में 204.0, जावर में 185.0, इछावर में 316.3, भैरूंदा में 356.0, बुधनी में 539.0 तथा रेहटी में 539.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।




**फ्री लिमिट से ज्यादा रुपए निकालना 2 रुपए महंगा :** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने एटीएम से पैसे निकालने पर लगने वाले चार्ज बढ़ा दिए। 1 मई से फ्री लिमिट पार करने पर हर ट्रांजेक्शन पर अब 23 रुपए देने होंगे। अभी तक यह चार्ज 21 रुपए था। यानी ग्राहकों को हर ट्रांजेक्शन पर 2 रुपए ज्यादा चुकाने होंगे। अब हर ट्रांजेक्शन पर 19 रुपए इंटरचेंज चार्ज लगेगा।

# कोतवाली के मालखाने से निकली नागीन को देख पुलिस की गुम हो गई सिट्टी-बिट्टी

**सीहोर।** कोतवाली पुलिस थाने में उस समय एक अनोखी और डरावनी स्थिति उत्पन्न हो गई जब कोतवाली के अंदर एक नागिन को लहराते हुए स्टाफ ने देखा। जैसे ही पुलिस कर्मियों ने नागिन को देखा, उनकी सिट्टी-बिट्टी गुम हो गई और वहां अफरा-तफरी मच गई। यह घटना न केवल वहां मौजूद स्टाफ के लिए परेशान करने वाली थी। घटना गुरुवार की है, जिसका वीडियो शुक्रवार को सामने आने के साथ ही सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

कोतवाली पुलिस थाने में उस समय वहां मौजूद स्टाफ में अफरा तफरी मच गई जबकि कोतवाली के अंदर एक नागिन को लहराते हुए स्टाफ ने देखा। दरअसल, हुआ यह कि कोतवाली थाने के अंदर मुख्य स्टाफ की शिकायत टेबिल के नीचे एक नागिन को लहराते हुए देखा गया। नागिन को देखते ही पुलिस के भी पसीने छूटने लगे, तत्काल सर्प मित्र नितिन जौहरी को



बुलवाया गया। उन्होंने बहुत ही फुर्तीली से इस नागिन का रेस्क्यू कर इसे जंगल में छोड़ा। सर्प मित्र नितिन जौहरी ने बताया कि चूंकि नागिन कोतवाली थाने के माल खाने के पास निकली थी।

इससे उसे बिना देर किए पकड़ा। जरा सी भी देरी हो जाती तो नागिन मालखाने में घुस जाती। जिससे मालखाने की बंदूकें आदि हथियार हटाना पड़ता। यह घटना थाने में मौजूद सभी के लिए एक साहसिक अनुभव बन गई, और इसके बाद यह चर्चा का विषय बन गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

#### एक हजार से अधिक सांपों का कर चुके नितिन रेस्क्यू

सर्प मित्र नितिन जौहरी ने बताया कि वह करीब दस साल से सांपों का रेस्क्यू कर रहे हैं। इस दौरान अनेक विषैले सांपों का भी रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ चुके हैं। पिछले दस सालों में करीब एक हजार से अधिक सांपों का वह रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ चुके हैं। उन्होंने बताया कि कई बार तो सांप दुबक तर छेद, दरार आदि स्थानों पर छिप जाते हैं, तब उन्हें पकडऩे में दिक्कत आती है। वह कहते हैं कि लोगों के सांपों के काटने के भय से बचाने के लिए उन्होंने इस शौक को चुना है।

# कार सहित अवैध सागौन की सिल्लियां जब्त, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाहगंज

बुधनी वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले खटपुरा बीट के जंगल से इमारती लकड़ी सागौन की तस्करी का मामला सामने आया है। वन विभाग की टीम ने कार का पीछा किया तो सड़क किनारे कार खड़ी कर बदमाश भाग निकले। टीम ने कार सहित सागौन लकड़ी जब्त कर वन अपराध अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपियों की पहचान भी वन विभाग की टीम द्वारा कर ली गई है।

**तेज रफ्तार कार का 15 किमी किया पीछा:** जानकारी के अनुसार शुक्रवार अलसुबह मुखबिर द्वारा सूचना मिली की ग्राम खटपुरा के जंगल से इमारती लकड़ी सागौन की तस्करी एक सफेद रंग की कार से की जा रही है। सूचना पर वन विभाग द्वारा एक टीम का गठन कर सर्चिंग अभियान चलाया गया। टीम को खटपुरा की मुख्य सड़क पर जंगल से आती हुई एक कार दिखी जिसे घेराबंदी कर रोकना चाहा, लेकिन कार चालक वन विभाग की टीम को देखकर कार को बुधनी की तरफ



तेज रफ्तार से ले गया। जिसका पीछा वन विभाग की टीम कर रही थी। बताया जा रहा है कि ग्राम खटपुरा से करीब 15 किमी दूर ग्राम बगबाड़ा के पुल के समीप आरोपी कार को मुख्य सड़क के किनारे लगाकर भाग निकले। वन विभाग की टीम ने कार क्रमांक डीएल 7 सीएफ 3122 और उसमें रखी आठ नग़ सागौन सिल्लियों को जब्त कर वन अपराध अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। जब्त की गई सागौन सिल्लियों की अनुमानित कीमत आठ हजार रुपए है।

### स्कूल भवन के लिए मिले जगह तो जल्द हो दूसरी समस्या का भी निराकरण

# बिजौरा के सरकारी स्कूल का हैडपंप सुधरा, अब बच्चों को नहीं जाना पड़ेगा श्मशान में पानी पीने



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हरिभूमि समाचार पत्र ने सरकारी स्कूलों में व्यवस्थाओं और कमियों को लेकर पड़ताल की शुरूआत की है। इस पड़ताल में हरिभूमि टीम मुख्यालय से 7 किलोमीटर दूर बिजौरा गांव पहुंची थी, जहां के माध्यमिक स्कूल में दो खामियां नजर आई थीं। पहली खामी स्कूल में लगे हैंडपंप के खराब होने की वजह से बच्चे आधा किलोमीटर दूर श्मशान घाट परिसर में पानी पीने पहुंच रहे थे, जबकि दूसरी खामी महज दो कमरों में 8 कक्षाएं संचालित हो रही हैं। हरिभूमि समाचार पत्र में खबर प्रकाशन के बाद पीएचई विभाग ने हैंडपंप दुरुस्त कर दिया है। जिसके बाद बच्चों को राहत मिली और अब उन्हें पानी पीने के लिए श्मशान परिसर में नहीं जाना पड़ेगा। अब इधर ग्राम पंचायत जल्द ही स्कूल भवन के लिए भूमि आवंटित करें तो जल्द ही स्कूल भवन का निर्माण शुरू हो सके।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत बिजौरा में माध्यमिक स्कूल हैं। स्कूल के पास स्वयं का भवन है, लेकिन वह जर्जर है, जिसकी वजह से फिलहाल स्कूल की कक्षाएं ग्राम पंचायत परिसर में मौजूद अतिरिक्त दो कक्षों में संचालित हो रही हैं। एक कक्ष में पहली से पांचवीं तक, जबकि दूसरे कक्ष में 6 से 8 तक की कक्षाएं लग रही है। दोनों कक्षों में एक-एक स्कूल बोर्ड हैं, ऐसे में इसी ब्लैक बोर्ड पर 6 से 8 तक की कक्षाओं के बच्चों का अध्यापन कार्य कराए जाता है, जबकि दूसरे अतिरिक्त कक्ष के ब्लैक बोर्ड पर कक्षा 1 से 5वीं तक के बच्चों का अध्यापन कार्य कराया जा रहा है। इससे सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि बिजौरा के माध्यमिक स्कूल में पढ़ाई का स्तर क्या होगा। सचिव का तर्क, स्कूल के पास जगह है वही बनाएंबिजौरा माध्यमिक स्कूल के पास स्वयं का भवन है, लेकिन वह पुराना होने की वजह से जर्जर हो गया है। इस भवन में हादसे का डर बना रहता है। जिला शिक्षा विभाग के निर्देशों पर इस भवन को खाली कर ग्राम पंचायत भवन परिसर के अतिरिक्त कक्षों में स्कूल लग रहा है। पुराना स्कूल भवन में वर्तमान हालातों व बच्चों की बढ़ती संख्या को देखते हुए छोटा पड़ रहा है, ऐसे में नई व पर्याप्त जगह में स्कूल भवन बनने की बात कही जा रही है। इधर इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव का तर्क है कि स्कूल के पास जमीन है, उसी जगह पर स्कूल भवन बनाया जा सकता है, लेकिन शिक्षा विभाग वहां भवन नहीं बना रहा है। दूसरी जगह उपलब्ध कराई जाएगी।

खबर का असर


ये है एमपी का बिजौरा: श्मशान के हैंडपंप से बुझ रही विद्यार्थियों की प्यास!

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नवीन शिक्षण सत्र के शुरू हुए एक महीना हो गया है। स्कूलों की स्थितियों को जानने के लिए हरिभूमि ने पड़ताल की शुरुआत की है। इस पड़ताल में मुख्यालय से 7 किलोमीटर दूर बिजौरा गांव के सरकारी स्कूल का जायजा लिया। यहां स्कूल का खुद का भवन नहीं है, जो भवन था वह जर्जर हालत में पहुंच गया है, इस कारण से यह अब ग्राम पंचायत कार्यालय परिसर में मौजूद दो अतिरिक्त कक्षों में माध्यमिक स्कूल संचालित हो रहा है।

हरिभूमि आंखों देखी...

स्कूल में व्यवस्थाओं के नाम पर कुछ भी नहीं है। ग्राम पंचायत कार्यालय के समीप ही स्कूल भवन है, लेकिन वह बहुत जर्जर हालत में पहुंच गया है, जो कभी भी भरभरा का गिर सकता था। नतीजतन जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने इस भवन को खाली करने की बात कहकर ग्राम पंचायत कार्यालय परिसर में बने अतिरिक्त कक्षों में स्कूल संचालित करने के निर्देश दिए थे, तब से यही स्कूल संचालित हो रहा है। हालांकि परेशानी यह है कि महज दो कक्ष हैं, नतीजतन इन्हीं दो कमरों में पहली से लेकर आठवीं तक की कक्षाएं संचालित की जा रही है।

सरकारी स्कूल का बुरा हाल, दो कमरों में चल रहीं आठ कक्षाएं

खराब पड़ा हैंडपंप, पानी पीने श्मशान जाते बच्चे : स्कूल में बच्चों के पेयजल इंतजाम के लिए स्कूल के पास ही हैंडपंप लगा है, जो खराब पड़ा है। स्कूल के बच्चे मध्यान्ह भोजन करने के बाद स्कूल से आधा किलोमीटर दूर स्थित श्मशान परिसर में लगे हैंडपंप पर कीचड़ भरे रास्ते से होकर प्यास बुझाने पानी पीने के लिए जाते हैं। बारिश होने पर बच्चे अपने घर पानी पीने के लिए पहुंचते है। पेय जल समस्या के कारण बच्चे परेशान होते है।

पीने के पानी की परेशानी

पुराना स्कूल भवन जर्जर है, इसलिए इन दो अतिरिक्त कक्षों में कक्षाएं संचालित कर रहे हैं। पेयजल के लिए हैंडपंप लगा है, लेकिन वह खराब है। सुधरवाने के लिए पीएचई विभाग को सूचित किया है। शिवनारायण गौर, हेड मास्टर माध्यमिक स्कूल बिजौरा

पीएचई में की शिकायत, सुनवाई नहीं

स्कूल के स्टॉफ ने बताया कि स्कूल का हैंडपंप बीते कई दिनों से खराब पड़ा है, जिसकी वजह से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हैंडपंप को सुधरवाने के लिए 4-5 बार पीएचई विभाग को सूचित किया जा चुका है, लेकिन अब तक हैंडपंप को सुधारा नहीं जा सका है।

भवन के लिए नहीं मिल रही जगह

स्कूल भवन के जर्जर होने पर शासन द्वारा नए भवन की स्वीकृति देने के साथ ही राशि भी आवंटित की जा चुकी है, लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा अब तक जगह उपलब्ध नहीं कराई है, जिसकी वजह से भवन का निर्माण शुरू नहीं हो सका है। पहले से मौजूद स्कूल भवन की जगह छोटी है एवं सड़क किनारे होने से हादसे का डर बना रहता है। स्कूल प्रबंधन ने ग्राम पंचायत से अन्य किसी स्थान पर जगह उपलब्ध कराए जाने की बात कही गई है, जैसे ही जगह उपलब्ध होगी भवन का निर्माण शुरू हो जाएगा।

### निजी क्लीनिक पर बैठने वाले चिकित्सक पर हो कड़ी कार्रवाई : पंकज शर्मा

**सीहोर।** जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव पंकज शर्मा ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर बालागुरु के. के नाम संबोधित एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पंकज शर्मा ने अपने कार्य में घोर लापरवाही बरतकर मरीजों की जान से खिलवाड़ करने वाले जिले के सबसे बड़े सीहोर जिला अस्पताल के चिकित्सक फैजल अंसारी पर अस्पताल प्रबंधन द्वारा अब तक कोई भी अनुशासनात्मक कार्रवाई ना किए जाने का मामला उठाया। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए पंकज शर्मा ने बताया कि सीहोर जिला अस्पताल में आए दिन अनियमितताओं की खबरें सामने आती रहती हैं, जिनसे मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे ही एक मामले में जिला अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक डॉक्टर फैजल अंसारी ने तो लापरवाही और मनमानी की सारी सीमाएं ही पार करते हुए अपनी ड्यूटी के समय दो किराए के डॉक्टरों को अस्पताल में लगाकर स्वयं अपने निजी क्लीनिक पर मरीजों को देखने का कारनामा कर मरीजों के स्वास्थ्य से गंभीर खिलवाड़ किया था, जिसके सारे सबूत भी सामने आए थे और इस मामले में उन पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए थी लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने इस पूरे मामले को रफा-दफा कर दिया। पंकज शर्मा ने कहा कि ये जनता के स्वास्थ्य और जीवन से सीधा जुड़ा मामला है और इस चिकित्सक की ये गंभीर अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जा सकती है इसलिए इस मामले में जिला प्रशासन द्वारा डॉक्टर फैजल अंसारी पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि आगे से कोई और डॉक्टर गरीब मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने का साहस ना कर सके तथा अपने इलाज के लिए जिले के सबसे बड़े सीहोर जिला अस्पताल आने वाले गरीब मरीजों और उनके परिजनों को मुफ्त में बिना किसी परेशानी के बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

## खबर संक्षेप



### जीवन की प्रथम गुरु माँ को मेरा शत-शत नमन हरिओम शर्मा दाऊ

**सीहोर।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर स्थानीय रैंबो प्ले स्कूल के सभागार में विचार एवं कार्य काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ गीतकार रामनारायण राठौर ने की। मुख्य अतिथि गीतकार हरिओम शर्मा दाऊ रहे। विशेष अतिथि गीतकार विनोद पंसारी एवं हीरालाल जायसवाल अनाड़ी रहे। सरस्वती वंदना गीतकार द्वारका बांसुरिया ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय साहित्य परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र जायसवाल ने किया। सर्वप्रथम माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र ओढ़ाकर जोरावर सिंह एवं नन्नू लाल सगर ने किया। साथ ही गुरु परंपरा के अंतर्गत साहित्यकार गुरु जन का सम्मान अंग वस्त्र एवं सम्मान पत्र भेट कर किया गया। साहित्य के मार्गदर्शक सुभाष जोशी, हरिओम शर्मा, डॉ. बी.पी शर्मा, हीरालाल शर्मा, निर्मल पचौरी आदि रहे साहित्यिक गुरु का आशीर्वाद सभी उपस्थित साहित्यकारों ने प्राप्त किया। इस अवसर पर काव्य पाठ करने वाले कवियों में रामनारायण राठौर, हरिओम शर्मा ,विनोद पंसारी, हीरालाल जायसवाल,द्वारका बसुरिया, डॉक्टर बीपी शर्मा, हरिश्चंद्र आर्य, हीरालाल शर्मा , जोरावर सिंह ,लक्ष्मण सिंह चौकसे ,निर्मल पचौरी ,डॉ.विजेंद्र जायसवाल ,कुमकुम शर्मा आदि रहे । अंत में कार्यक्रम का आभार लक्ष्मण सिंह चौकसे ने माना ।

### अत्याचार के खिलाफ धरना देंगी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका

**सीहोर।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं पर देश में बढ़ते अन्याय अत्याचार के खिलाफ मध्य प्रदेश आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ के पदाधिकारी कार्यकर्ता 14 जुलाई एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे। भारतीय मजदूर संघ से संबंधित मध्य प्रदेश आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ की जिला अध्यक्ष उषा राठौर ने बताया कि 14 जुलाई को होने वाले धरना प्रदर्शन की सूचना जिला कलेक्टर और विभागीय अधिकारियों को लिखित में दे दी गई है। म.प्र. आँगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश आव्हान पर यह धरना प्रदर्शन आयोजित होने जा रहा है। बस स्टैंड स्थित गीता भवन में जिले भर की कार्यकर्ता और सहायिका एकत्रित होंगी। यहां अपनी आवाज को बुलंद करेगी इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को दिया जाएगा आँगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ समृद्ध भारतीय मजदूर संघ के समस्त पदाधिकारियो कार्यकर्ताओं सहायिकाओं से प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की गई है।

### पिछले दो साल से चल रहा था गांव की सड़क बनाने का काम

# गर्मी में काम रोककर रखा, अब भरी बारिश में बना रहे करोड़ों की सड़क

**नाबालिग बच्चे फ्लोरी मशीन चला रहे हैं। वही मोबाइल की रोशनी में पुल बनाया जा रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

शाहगंज-बुधनी मार्ग से ग्राम जोशीपुर- बगवाड़ा को जोड़ने वाली सड़क को बारिश में आनन फानन में बनाया जा रहा है इसके पीछे ठेकेदार का तर्क है कि ट्रकों के आवागमन के चलते सड़क बनाने का काम अब तक नहीं किया जा सका था। यहां पर आपको बता दें कि सड़क बनाने वाले ठेकेदार गोयल कंस्ट्रक्शन द्वारा यह सड़क बनाई जा रही है।

इसके साथ-साथ इन्होंने बगवाड़ा और जोशीपुर गांव में अंदरुनी सड़कें भी बनाई हैं कुल मिलाकर यह सारा काम 7 करोड रुपए से भी अधिक का बताया गया है। पिछले दो वर्षों से यह गांव की सड़क बनाने में लगे हुए थे। अब इनकी समय सीमा समाप्त हो चुकी है। इनके पास फ्लोरी को छोड़कर जितनी भी मशीन हैं वह दर्शनार्थ रखी गई हैं कुल मिलाकर सात मजदूरों से काम करवाया जा रहा है। नाबालिग बच्चे फ्लोरी मशीन चला रहे हैं। वही मोबाइल की रोशनी में पुल बनाया जा रहा है। सड़क में पड़ी दरारें छुपाने के लिए उस पर मिट्टी डाल दी जा रही है जिससे आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं और तो और बिजली के खंभे हटाए बिना ही सीसी रोड बनाया जा रहा है11हजार केवी के बिजली के खंभे सड़क के बीचों-बीच आ गए हैं ऐसा नहीं है कि ठेकेदार के इस कृत्य की जानकारी विभाग को नहीं है। कई बार इस मामले को लेकर विभाग को सूचित भी किया गया लेकिन अंधेर नगरी चौपट राजा की तर्ज पर सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है। पीडब्ल्यूडी के एसडीओ रामकुमार शर्मा को इस मामले से अवगत कराया गया। वह मौके पर आए भी लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला वह ग्रामीणों के सामने फोन पर ठेकेदार को डांट लगाकर चले गए। इसके बाद भी ठेकेदार की कार्य प्रणाली में कोई सुधार नहीं आया यहां पर जिस सड़क का उल्लेख किया जा रहा है उसकी लागत 4 करोड़ रुपए से भी अधिक है। मौके पर रामनरेश सिंह नामक व्यक्ति मिलते हैं जिनका कहना है कि हम पारदर्शिता से कम कर रहे हैं। विभाग ने सड़क को चेक करके हमें क्लीयरेंस दिया है। सड़क से खंभे हटाना हमारा काम नहीं है इसलिए सड़क बना दी है। सड़क पर मिट्टी हमने नहीं डाली है ले देकर घटना दुर्घटना से उनका कोई लेना देना नहीं है।

एम डी उईके जेई विद्युत वितरण कंपनी ने बताया कि यदि सड़क बनाने के दौरान इलेक्ट्रिक पोल को प्रभावित किया गया है तो हम पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखेंगे, जिससे भविष्य में घटना दुर्घटना की संभावना नहीं रहे।



**बुधनी।** 7 करोड़ की लागत से बन रही सड़क को मजदूर कांक्रीट फैलाकर खानापूर्ति कर रहे हैं।



**बुधनी।** खंभे को हटाए बिना ही सड़क निर्माण कर दिया।



**बुधनी।** सीसी रोड पर मिट्टी डालने से सड़क पर कीचड़ पसरा हुआ है।

## आश्रम पहुंच कर पूर्णिमा पर विधायक दंपती ने लिया गुरुओं का आशीर्वाद



**सीहोर।** गुरु पूर्णिमा के शुभासर पर शहर के विभिन्न आश्रमों में पहुंचकर गुरूवार को विधायक सुदेश राय और समाजसेवी अरुणा राय ने गुरुदेवों का स्वागत वंदन कर शॉल श्रीफल से सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सप्रथम विधायक सुदेश राय और समाजसेवी अरुणा राय स्टेशन रोड स्थित त्यागी बाबा आश्रम गए और संत श्री उद्धावदास महाराज को प्रणाम कर गुरू पूर्णिमा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। चाणक्य पुरी स्थित जगतगुरू महामंडलेश्वर पंडित अजय पुरोहित के निवास पर पहुंचकर उनको नमन किया। तत्पश्चात सेड़ाखेड़ी रोड स्थित महाकाल आश्रम में पहुंचकर कथा वाचक पंडित मोहितराम पाठक को पुष्प मालाऐं पहनाकर विधायक सुदेश राय और समाजसेवी अरुणा राय ने उनका आशिर्वाद लिया।

गुरू पूजन के उपरांत विधायक सुदेश राय ने कहा कि गुरु केवल ज्ञान के नहीं, अपितु जीवन के पथ-प्रदर्शक होते हैं। गुरू अज्ञान के अंधकार को चीरकर हमें सत्य, धर्म और आत्मोन्नति के मार्ग पर अग्रसर करते हैं। हम सभी अपने जीवन में सद्गुरु द्वारा दिखाए गए सत्य व सेवा के मार्ग पर चलकर एक श्रेष्ठ समाज और सशक्त राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दें और गुरू पुर्णिमा पर्व को पूर्णता प्रदान करें। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा कार्यकर्ता गण भी उपस्थित रहे।

## यूपी की महिला गलत स्टेशन पर उतरी, 6 माह तक भटकी, गोपालपुर पुलिस ने पत्नी को पति से मिलाया

**भैरूंदा।** उत्तर प्रदेश की रहने वाली महिला मानसिक रूप से कमज़ोर गलत स्टेशन पर उतरी और पिछले 6माह से भटक रहीं थी। उस महिला को गोपालपुर थाना पुलिस ने उसके पति से मिलाया। और पुलिस ने एक पत्नी को पति से मिलाने का सराहनीय कार्य किया। उन्होने बताया कि गोपालपुर पुलिस की कड़ी मेहनत के बाद भटकी हुई पत्नी को उसके पति से मिलाने के लिए और महिला की भाषा समझने के लिए यूपी के रहने वाले ही व्यक्ति को बुलाया उसकी भाषा में उस व्यक्ति न बात की पुरी जानकारी मिलते पर पुलिस ने परिजनों से संपर्क किया फिर उसका पति अनिल अपनी पत्नी को लेकर गया।

यह पूरा मामला थाना गोपालपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बचगाँव के सरंपच ने 5जुलाई को गोपालपुर थाना प्रभारी और भैरुंदा एसडीएम को सूचना दी। गाँव बजगाव एक अनजान महिला मे घूम रही है,जो मानसिक रूप से कमज़ोर लग रही है। सरपंच की सुचना पर गोपालपुर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी। सीहोर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत ने निर्देश व एसडीओपी भैरुंदा के मार्गदर्शन में महेन्द्र गौर थाना प्रभारी गोपालपुर ने थाना वाहन 100 डायल को ग्राम बचगांव में भेजा। भटक रहीं महिला को आशा कार्यकर्ता की मदद से थाने लेकर आए। पुलिस ने जब महिला से उसका नाम पता पूछने लगीं। महिला की भाषा समझ नही आई। पुलिस ने जिले उत्तर प्रदेश के ही रहने वाले सुभाष सोनी को बुलाया। सुभाष ने उस महिला से उसकी भाषा मे बात की तब महिला बोली और नाम सिलावा पिता गामा चौहान उम्र 40 साल निवासी तारिबडा बंजरिया जिला बलिया उत्तरप्रदेश की रहने बाली हूं। उसने कहा ट्रेन में सफर करने के दौरान गलत स्टेशन पर उतर गई और रास्ता भटक गई। महिला से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने संबंधित थाने पर सम्पर्क कर महिला के परिजनों के बारे जानकारी प्राप्त की ओर उस महिला के परिजनों से मोबाइल पर सम्पर्क किया परिजनों ने पुलिस को बताया कि महिलाके पास आने में एक दिन लग जाएंगा। गोपालपुर पुलिस ने महिला को आश्रय भवन मिसरोद भोपाल में सुरक्षित छोडा गया। दुसरे दिन महिला का पति अनिल आया महिला को आश्रय भवन से उसके पति अनिल के सुपुर्द किया गया।



## आजाद अध्यापक शिक्षक संघ 13 को विशाल रैली निकाल कर सौंपेंगा ज्ञापन



**सीहोर।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राजेश राठौर ने बताया कि आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर आगामी 13 जुलाई 2025 को दोपहर 2:00 बजे सीहोर जिला मुख्यालय के टाउन हॉल पर एकत्रित होकर विशाल रैली निकाल कर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर जिला स्तर पर ई अटेंडेंस के विरोध में प्रदर्शन किया जाएगा एवं माननीय मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन भोपाल के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर महोदय को सौपा जाएगा। आजाद अध्यापक संघ के संभागीय उपाध्यक्ष लखन सिंह मालवीय ने बताया कि ई अटेंडेंट व्यवस्था शिक्षकों का एक तरह से अपमान है। इसलिए ई अटेंडेंस व्यवस्था खत्म होना चाहिए। इससे कई शिक्षक घबराहट के कारण दुर्घटनाग्रस्त होकर अपनी जान से हाथ धो रहे हैं। इसको लेकर संगठन के विभिन्न स्तरों संकुल स्तर सभी ब्लॉक स्तर पर सभी पदाधिकारी जिला स्तरीय रैली की तैयारी कर रहे हैं। रैली में सभी शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर रैली को सफल बनाने की अपील की गई है। अपील करने वालों में आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की संभागीय प्रवक्ता योगिता लोधी, प्रीति सक्सेना,जिला अध्यक्ष शिवनारायण गौर संभागीय उपाध्यक्ष,लक्ष्मण सिंह ठाकुर संभागीय उपाध्यक्ष लखन सिंह मालवीय सीहोर ब्लॉक अध्यक्ष राजेश राठौर , इछावर ब्लॉक अध्यक्ष निलेश राव आष्टा ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ठाकुर, धापू बनवारी, दिनेश झाला,राजेश राठौर पजामा, रमेश वर्मा,जीवन सिंह वर्मा ,नोबन तिग्गा, दिनेश पालीवाल, ओमप्रकाश गौर, राजेश मंडलोई, राकेश केलोदिया, ब्रजनंदन शाक्य, आदि ने की है।

## शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने एसडीएम ने दिए दिशा निर्देश

**भैरूंदा।** शुक्रवार को विकासखण्ड स्तरीय समीक्षा बैठक जनपद पंचायत सभाकक्ष में एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस दौरान बैठक में शिक्षा समिति की अध्यक्षा रूपाली श्रवण व्यास भी उपस्थित रहीं। शैक्षणिक गतिविधियां सही तरीके से संचालित हों इस लिए संस्था के शिक्षकों को एसडीएम ने शिक्षा की गुणवत्ता बढाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी ने शालाओ में नामांकन, साफ-सफाई, मरम्मत एवं अध्यापन कार्य को लेकर विस्तार से उपस्थित सभी शिक्षको को मोटीवेशन किया गया। बीआरसी विजय पंवार ने नामांकन, शौचालय मरम्मत, पुस्तक ट्रेकिंग एवं प्रोफाइल अपडेशन, यूडाईस पोर्टल एन्ट्री, परीक्षा, विधांजलि पोर्टल एन्ट्री, निशुल्क सायकिल, गणवेश, पीएम पोषण, मेपिंग एवं उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यकम के अन्तर्गत असाक्षरो के सर्वे, अक्षर साथी का पंजीयन अधिक से अधिक करने हेतु शिक्षको को प्रोत्साहित किया। तो वहीं एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी ने स्कूलों में शिक्षा के स्तर को और अधिक बेहतर बनाने के लिए बीआरसी विजय पंवार से सहित शामिल शिक्षकों से चर्चा कर सुझाव जाने। उन्होंने बैठक में संस्था शिक्षकों से शैक्षणिक कार्य में आने वाली कठिनाईयों और समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। एसडीएम ने कहा कि स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को ओर बेहतर बनाने अनुशासन, समयबद्धता और अनुकूल शैक्षणिक परिवेश जरूरी है। उन्होंने कहा कि नामांकन में शीघ्र लक्ष्य की प्राप्ति तथा पाठ्य पुस्तकों और गणवेश का समय पर वितरण हो तथा उसकी प्रविष्टि भी हो। सभी शिक्षक अपने-अपने विद्यालयों में अनुशासन और समयबद्धता बनाए रखें। विकासखण्ड स्तरीय समीक्षा बैठक में एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी एवं ब्लाक शिक्षा समिति की अध्यक्षा रूपाली श्रवण व्यास उपस्थिति में बैठक के दौरान संबंधित विषय के बी.ए.सी. द्वारा भी अपने-अपने घटको को विस्तार से चर्चा की। समीक्षा बैठक मे प्राथमिक विभाग-150 शिक्षक, माध्यमिक विभाग-101 शिक्षक एवं जनशिक्षक-15 उपस्थित रहे।



## संकल्प वृद्धाश्रम परिवार के द्वारा शिव-शक्ति दिव्य अनुष्ठान




**सीहोर।** शहर के सैकड़ा खेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र में संकल्प वृद्धाश्रम परिवार के तत्वावधान में शिव-शक्ति दिव्य अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रवचन, भजन, कन्या पूजन, यज्ञ और योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के द्वारा उज्जैन के शनि मंदिर के पुजारी पंडित सचिन त्रिवेदी का केन्द्र के संचालक राहुल सिंह, जिला संस्कार मंच के उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र माहेश्वरी सहित अन्य ने स्वागत-सम्मान किया। पंडित श्री त्रिवेदी ने कहाकि सांसारिक सुखों में मन लगाने के बजाय, व्यक्ति को आध्यात्मिक मार्ग पर चलना चाहिए ताकि वह शाश्वत सुख और शांति प्राप्त कर सके। एक व्यक्ति जो धन कमाने में अपना जीवन लगाता है, वह अंततः धन खोने या उसकी लालसा में दुखी हो सकता है। लेकिन जो व्यक्ति भगवान की भक्ति में मन लगाता है, वह हमेशा शांति और आनंद का अनुभव करता है, चाहे उसकी परिस्थितियां कैसी भी हों। वहीं श्रद्धा भक्ति सेवा के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने कहाकि मन को धैर्य सिखाना संसार की सबसे बड़ी सीख है मन ही राम से मिलाता है मन ही भगवान से दुर कर देता है। संसार में सब दुखी है कोई तन से कोई मन से तो कोई धन की कमी से उदास है निर्धन कहता है धनवान सुखी होगा धनवान कहता है, राजा सुखी होगा राजा कहता है। महाराजा सुखी होगा महाराजा कहता है, इन्द्रदेव सुखी होगा। जबकि सच्चाई यह है कि भगवान की भक्ति सेवा करने वाले सुखी होते है।

### नपाध्यक्ष अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने वार्ड 12 और 31 में दी लाखों की सौगात

# सभी एकजुट होकर नगर को सर्वांगिण विकास की ओर ले जाने में पूरी निष्ठा व मेहनत से कार्य करेंगेः प्रिंस राठौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर में विकास कार्य तेजी से किए जा रहे है। क्षेत्र में जहां पर भी आवश्यकता होती है, वहां पर नाली निर्माण, सड़क निर्माण के अलावा अन्य विकास कार्य किए जा रहे है।

शुक्रवार को नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने शहर के वार्ड क्रमांक 12 और 31 में करीब 18 लाख 80 हजार के विकास कार्य का भूमि पूजन किया। इस मौके पर वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद प्रतिनिधि घनश्याम यादव और वार्ड क्रमांक 31 के पार्षद इरफान खान आदि शामिल थे।

कार्यक्रम के दौरान नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहाकि हम सभी एकजुट होकर नगर को सर्वांगिण विकास की ओर ले जाने में पूरी निष्ठा व मेहनत से कार्य करेंगे। हमारे पालिका में पार्षद साथी खान और यादव ने बताया कि वार्ड में सीसी मार्ग का निर्माण किया जा है, इसको लेकर वार्ड क्रमांक 31 में करीब 15 लाख की लागत से सीसी रोड और वार्ड क्रमांक 12 में तीन लाख 80 हजार से सड़क कार्य निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया है।

उन्होंने कहाकि किसी एक व्यक्ति या जनप्रतिनिधि के बस की बात नहीं कि नगर का विकास कर सकें, इसके लिए हमारे सभी पार्षद और क्षेत्रवासियों को एकजुट होकर ही नगर के कोने-कोने तक विकास कार्य की श्रृंखला रखी जा सकती है। वर्तमान में नगरपालिका की ओर से शासन की संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ तय समय सीमा में नागरिकों को प्राप्त हो रहा है।

वहीं जरूरत के हिसाब से नगर में निर्माण कार्य चल रहे है व आगे भी तीव्रता से वृहद स्तर पर निर्माण कार्य नगर में होंगे। भूमि पूजन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पार्षद राजेश मांझी, कमलेश राठौर, आशीष गहलोत, इरशाद पहलवान, संतोष शाक्य, आजम नेता, मुकेश मेवाड़ा, लोकेन्द्र वर्मा सहित वार्ड क्रमांक 31 और वार्ड क्रमांक 12 के क्षेत्रवासी शामिल थे।



### शासकीय महाविद्यालय रेहटी में गुरु पूर्णिमा के पर्व का आयोजन किया गया, गुरु का महत्व बताया




**रेहटी।** शासकीय महाविद्यालय रेहटी में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अंजली गढ़वाल के संरक्षण में गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेहटी के प्राचार्य महेश कुमार ने कहा कि गुरु और शिष्य के बीच भावों का रहना अतिआवश्यक है कार्यक्रम के विशेष अतिथि पीएम श्री विद्यालय चकल्दी के प्राचार्य सूरज प्रताप द्विवेदी ने कहा कि गुरु और शिष्य के बीच केवल शाब्दिक ज्ञान का ही आदान प्रदान नहीं होता है,बल्कि गुरु अपने शिष्य के संरक्षक के रूप में भी कार्य करता है कार्यक्रम को डॉ सुरेश सोलंकी अरुण संगवालिया राजाराम रावते ने भी संबोधित किया कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का आभार डॉ नाहिद जहां सिद्दीकी द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ भावना शर्मा द्वारा किया गया एवं प्रोजेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया इस अवसर स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# लाखों के घोटाले में आदेश के बाद भी नहीं हुई एफआईआर

## अभी तक शाखा प्रबंधक प्राथमिक साख बोडा ने थाने में नहीं पहुंचाई मूल दस्तावेज की फाइल, फिर कैसे हो कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा/ तलेन

राजगढ़ जिले में सहकारिता विभाग में घपलों और घोटालों का सिलसिला जारी है। आए दिन मनमाने तरीके से लाखों रूपयों की हेराफेरी के मामले लगातार सामने आ रहे है। शिकायतों पर जांच तो होती है लेकिन कार्यवाही के नाम पर कुछ नहीं होता है और जांच ठंडे बस्ते में डाल दी जाती है।

ताजा मामला बोड़ा सोसायटी का है। बोड़ा शाखा के तत्कालीन प्रबंधक को 22 लाख 81 हजार 173 रूपए के गबन के मामले में कार्यवाही का नोटिस थमाया था। यह कार्यवाही आगे नहीं बड़ी और न ही वसूली हुई। जांच को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। आपको बता दे की बोड़ा संस्था की फाइल री ओपन कर विन्दूवार जांच कराने की मांग की गई थी है। साथ ही यह भी कहा गया कि अगर पुनः जांच होती है, तो लगभग एक करोड़ रूपए का गबन का मामला सामने आ सकता है।




### यह है पूरा मामला

बैंक शाखा बोड़ा के अन्तर्गत आने वाली संस्था बोड़ा में वर्ष 2018-19 के मध्य गोविन्द प्रसाद शर्मा द्वारा राशि 22 लाख 80 हजार 173 रूपये का फर्जी वाड़ा गबन धोखाधड़ी कर संस्था का नुकसान पहुंचाया गया जिसका आरोप इन पर सिद्ध हुआ था। परन्तु जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मैनेजर डीआर सरोटिया के द्वारा 14 फरवरी 2023 को उक्त फाईल को बन्द कर दिया गया जिसमें इनके वेतन से कटोत्रा हो रहा था। उक्त फाईल को पुनः रिन्यूवल करवाकर संस्था की राशि 22 लाख 80 हजार 173 रूपये की वसूली संस्था प्रबंधक से कराई जाए। उक्त संस्था प्रबंधक के द्वारा बैंक शाखा नरसिंहगढ़ के अधिनस्थ संस्थाये सुरजपोल एवं कोटरा में भी वर्ष 2016 से 2020 के मध्य में फसल बीमा खाद्य वितरण नगद वसूली सहायक केश बुक में हेरफेर एवं केश बुक में सीधा खर्चा डाला गया एवं बिना रसीद के राशि घटा दी गई है। यदि इनकी जांच की जाये तो यहां का गबन करीब एक करोड़ से उपर निकलेगी। संस्था बोड़ा की फाईल को रि ओपन कराई जाकर नरसिंहगढ़ शाखा स्थित संस्थाओं की वर्ष 2016 से 2020 तक की बिन्दुवार जांच करवाई जाए।

इधर बोड़ा सोसायटी की जाँच के लिए टीम भी गठित हुई थी लेकिन जाँच फाइल बोड़ा थाने मामला दर्ज कराने तक पहुंची है लेकिन अभी तक बोड़ा थाना प्रभारी धर्मेंद्र शर्मा द्वारा इस मामले में संस्था के तत्कालिन संस्था प्रबंधक पर अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया।

### इनका कहना है

हमने तो 19 तारीख को ही थाने में आदेश व संपूर्ण दस्तावेज सौप दिए थे अब थाना को कार्रवाई करना है

**लोकेन्द्र सिंह चंद्रावत**
शाखा प्रबंधक कृषि सहकारी संस्था बोडा

हमारे पास एक बार आए थे तब हमने मूल दस्तावेज के साथ फाइल देने की बात कही थी तभी से अब तक कोई भी नहीं आया है तो फिर एफआईआर कैसे कर दें।

**धर्मेन्द्र शर्मा,** थाना प्रभारी बोडा

## जंप की प्रांतीय कार्यसमिति बैठक और पत्रकार कार्यशाला ब्यावरा में 12 को

ब्यावरा। भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ बीएसपीएस की राज्य इकाई,



जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश जंप द्वारा 12 जुलाई को ब्यावरा के होटल ला ओम पैलेस में, प्रातः 10 बजे से पत्रकारो की कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में पत्रकार राजेश बादल, बायोपिक फिल्म निर्माता निर्देशक के साथ बीएसपीएस के राष्ट्रीय महासचिव डॉ नवीन आनंद जोशी रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजन की भव्यता को लेकर बीएसपीएस के राष्ट्रीय सह प्रवक्ता डॉ कमल आलोक प्रसाद ने बताया की जंप के प्रांतीय अध्यक्ष के रूप में डॉ अरुण सक्सेना की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में, मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद रोडमल नागर, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जसवंत गुर्जर मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया जाएगा जिसके प्रथम सत्र में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1बजकर 30 तक प्रदेश भर के पत्रकारों की कार्यशाला,"डिजिटल युग में पत्रकारिता की बदलती भूमिका" विषय पर वक्ताओं द्वारा प्रकाश डाला जाएगा। सहभोज के उपरांत द्वितीय सत्र 2 बजकर 30 से सायं 5 बजे तक चलेगा जिसमे आगंतुक पत्रकार साथियों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय सह प्रवक्ता डॉ प्रसाद ने साथियों से सम्मिलित होने का कहा।

# घायल को ला रही टोल नाका एंबुलेंस का डीजल रास्ते में ही खत्म

## *अचेत पुलिसकर्मी को अन्य वाहन से पहुंचाया गया अस्पताल*



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

साल 2016 में एनएच-52 पर ब्यावरा से लेकर राजस्थान सीमा तक हाईवे का चैड़ीकरण करवाने वाली मेसर्स अग्रोह इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी के कई कार्य शुरू से विवादों में रहे हैं। ताजा मामले में गुरुवार दोपहर टोल वसूल रही इसी कंपनी की एम्बुलेंस द्वारा अचानक अचेत हुए एक घायल पुलिसकर्मी को राजगढ़ अस्पताल लाया जा रहा था। इस दौरान एम्बुलेंस का डीजल बीच रास्ते में ही खत्म हो गया। ऐसे में पीछे से आ रहे अन्य पुलिसकर्मियों द्वारा अपने निजी वाहन से संबंधित पुलिसकर्मी को ईलाज के लिए राजगढ़ जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

### ये है पूरा मामला

पुलिस विभाग के महिला प्रकोष्ठ में पदस्थ पुलिसकर्मी सतीश भटनागर का हाल ही में यातायात थाना ब्यावरा स्थानांतरण किया गया था। स्थानांतरण उपरान्त श्री भटनागर गुरूवार दोपहर यातायात थाना ब्यावरा में आमद देकर अपनी मोटर साइकिल से वापस राजगढ़ लौट रहे थे। दोपहर करीब 3 बजे टोल नाके के समीप श्री भटनागर को बाईक चलाते-चलाते अचानक चक्कर आ गए और बाईक असंतुलित होकर गिर गई जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। ऐसे में टोल नाके की एम्बुलेंस से उनके अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया गया लेकिन उक्त एम्बुलेंस का डीजल रास्ते में खत्म हो गया। तभी पीछे से आ रहे अन्य पुलिसकर्मियों भानूप्रताप, कैलाश दांगी द्वारा अपनी निजी कार से घायल पुलिसकर्मी भटनागर को जिला अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था करवाई गई। जिला अस्पताल में भटनागर का ईलाज जारी है।

### मुख्य चौराहे पर 3 घंटे तक शव रख कर किया चक्का जाम

# ढाबे पर शराब के नशे में चाकू से हमला किया, युवक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

बुधवार कि रात लगभग एक बजे चामुण्डा ढाबा पर शराब के नशे में हुई मामूली कहासुनी ने खौफनाक रूप ले लिया। नशे की हालत में आरोपियों ने एक युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। ओर बेरहमी से चाकू गोंदा जिससे दीपक नामक युवक की मोत हुई । घटना में घायल युवक को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहा डॉक्टरों ने उसे बाहर रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मृत अपने जीजा के साथ खाना पार्सल ले रहे थे और आपसी विवाद के चलते झगड़ा हुआ।

पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार चामुंडा ढाबा छापीहेडा रोड पर हुए रात्री मे विवाद कि शिवनारायण मालवीय पिता जगन्नाथ प्रसाद मालवीय उम्र 38 साल निवासी बटावदा ने थाना मे रिपोर्ट कर बताया कि में 10.07.25 के रात्री 01 बजे अपने सालें संजु एवं श्याम निवासी मुंदडा कालोनी के साथ ढाबे पर खाना खाने गया था। ढाबे वाले ने बोला कि समय ज्यादा हो गया है। खाना पैक कर देते है। तब हम जीजा साले ढाबे के पीछे तरफ जाकर बैठ गये। तभी पहले से ढाबें पर बैठे सोनू सोनी पिता सुरेश सोनी निवासी आवास कालोनी, मोनू परमार पिता पप्पु परमार निवासी आवास कालोनी, श्रीओम मंडलोई पिता रतनलाल मंडलोई निवासी आवास कालोनी, वीरम सौध्या पिता दरियाब सिंह निवासी तमोलिया, राजेन्द्र सिंह उर्फ राजू पिता मांगीलाल सौध्या निवासी बटावदा मोजूद थे। मेरे साले संजू उर्फ दीपक मालवीय को सोनू सोनी ने गर्दन पकडकर मां बहिन की गंदी गंदी गाली देते हुयें थप्पड से मारने लगा मैने मना किया तो मुझे भी सोनू सोनी ने लात थप्पड़ों से मारने लगा तभी उसके साथी श्रीओम मंडलोई व बीरम सौध्या, राजेन्द्र सिंह उर्फ राजू सौध्या ने मुझे व मेरे सालें संजु उर्फ दीपक मालवीय को पास पडी लकडी व हाथ मुक्कों से मारपीट की तथा सोनू सोनी व मोनू परमार ने चाकू से जान से मारने की नियत से चाकू से चोटें पहुंचाई है। मेरे साले संजु को सिविल अस्पताल लेकर आऐ। जहां डॉक्टर द्वारा दीपक मालवीय को बाहर रेफर किया गया दीपक उर्फ संजू मालवीय के परिजन उसे झालावाड़ लेकर गए झालावाड़ में ही दीपक ने दम तोड़ दिया।

### मालवीय समाज के लोगों ने किया चक्का जाम

चाकू मार के हत्या के बाद मालवीय समाज के लोगों ने किया चौराहा पर चक्का जाम एवं ज्ञापन दिया' चामुंडा ढाबा पर एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या के बाद मालवीय समाज के लोगों ने पुरानी कोर्ट के पास एकत्रित होकर इंदर चैराहे पर चक्का जाम किया। मौके पर पहुंचे भारी पुलिस बल के साथ एडिशनल एसपी के एल बजारे , तहसीलदार आरपी सिंह गोंड को ज्ञापन देकर मांग की मृतक की पत्नी वह दो नाबालिग बच्चों के लिए एक करोड आर्थिक सहायता दी जाए।


### फैक्ट फाइल

- मृतक दीपक उर्फ संजू मालवीय का शव मुख्य चैराहे पर 3 घंटे तक रखा।
- प्रशासन के अधिकारियों की समझाने का प्रयास किया नहीं समझे परिजन।
- इतनी बड़ी घटना घटित होने के बाद भी कोई भी जनप्रतिनिधि ने नहीं ली सुध।
- राजगढ़ एडिशनल एसपी सहित जिले का पुलिस बल सुबह से रहा तैनात।
- स्कूली बच्चों को घर पहुंचने में हुई असुविधाएं चैराहे पर लगा रहा जाम शव रखकर।

### पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने वर्तमान मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

# महाराजा विनय सिंह के नाम से जाना जाए राजगढ़ जिला अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



रियासतकाल के दौरान सन 1930 में राजगढ़ के तत्कालीन महाराजा विनय सिंह ने जिला चिकित्सालय का निर्मित करवाया था। इसलिए तभी से राजगढ़ जिला अस्पताल उन्हीं महाराजा विनय सिंह के नाम से जाना जाता था। उक्त जिला अस्पताल के जीर्ण-शीर्ण होने पर हालिया मप्र शासन ने नवीन जिला चिकित्सालय भवन का पुर्ननिर्माण मुख्यालय पर करवाया है। नवीन जिला चिकित्सालय भवन का उदघाटन भी प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करके गए थे। लेकिन जिला चिकित्सालय का नामकरण उदघाटन के दौरान नहीं हो पाया। ऐसे में क्षेत्र के पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर के आगृह पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखते हुए राजगढ़ जिला चिकित्सालय का नामकरण महाराजा विनय सिंहजी के नाम पर करने की मांग की है। पत्र में उक्त मांग पर आवश्यक निर्देश देने का आगृह मुख्यमंत्री डॉ. यादव से किया गया है। अगर सबकुछ ठीकठाक रहा तो आगामी समय में राजगढ़ जिला चिकित्सालय महाराज विनय सिंहजी के नाम पर जाना जाएगा।

### कौन थे महाराज विनय सिंह

महाराजा विनय सिंह राजगढ़ रियासत के सबसे प्रसिद्ध महाराजा थे। उनके कार्यकाल में क्षेत्र में हुए विकास कार्यों को लोग आज भी याद करते हैं। उन्होंने आमजनों की सुविधा के लिए राजगढ़ मुख्यालय पर न केवल जिला अस्पताल बल्कि अन्य बड़े-बड़े भवनों का निर्माण करवाया था।

# लापरवाहीः एक साल बाद भी नहीं मिल रहा निःशुल्क सोनोग्राफी का लाभ

## गर्भवती महिलाओं को निजी सेटरों पर जाना पड़ता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶पचोर



सरकार ने गर्भवती महिलाओं के लिए पिछले साल 9अगस्त से निजी सोनोग्राफी सेंटर पर निशुल्क सुविधा की शुरुआत पूरे प्रदेश में की थी। किंतु विभागीय लापरवाही से पचोर स्वास्थ केंद्र में एक साल माह बाद भी यह सुविधा गर्भवती महिलाओ को नहीं मिल पा रही जिससे महिलाओं को निराश हो कर अस्पतालत से लौटना पड़ा रहा है। सोनोग्राफी के लिए आई संगीता बाई, निर्मला बाई सहित कई महिलाओं ने कहा कि बार-बार आते हैं, लेकिन कहा जाता हे कि अगली बार आना अभी कोशिश कर रहे हैं। यह कहकर हर बार चलता कर दिया जात है। पिछले साल योजना की शुरुआत के अगस्त माह में अस्पताल टीम और सोनोग्राफी सेंटर संचालक ने सुविधा की दृष्टि से आफ लाइन टोकन के आधार पर कुछ महिलाओं की निशुल्क सोनोग्राफी कर दी थी किंतु जिला मुख्यालय से भुगतान की मनाही कर दी गई तो सितंबर में संचालक ने मना कर दिया था, तब से ही यह सुविधा बंद है।

### योजना कैसे काम करेगी

गर्भवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नाम व फोन नंबर बताना होगा। इसके बाद सीएचसी में ई-वैलेट जनरेट होता हे। जांच से पहले मोबइल पर ओटीपी आयेगा सत्यापन के बाद संचालक अल्ट्रासाउंड कर पाए महिलाओं को बारकोड दिया या ई वाउचर एक क्यूआर कोड है। इसे स्कैन करते ही पैसे संचालक को 500 रुपए ट्रांमाफर होंगे। किंतु एक साल बाद भी पचोर का कोड जनरेट नहीं हुआ

### यह है लापरवाही

स्वास्थ केंद्र का ऑनलाइन बारकोड जनरेट नहीं किया गया। जिसके लिए स्थानीय अस्पताल प्रबंधन पूरी प्रकिया कर चुका है। संबंधित अधिकारियों को मेल भी किया गया है। पचोर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र के लिए नर्मदा डायग्निक सेंटर को अधिकृत किया गया है। सेंटर के भगवान सिंह नागर कहते है कि ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत हम सोनोग्राफी करने को तैयार है। पिछले साल के अगस्त माह में की सोनोग्रा फी का भुगतन हमें अभी तक नहीं मिला है।

### अस्पताल की सोनोग्राफी मशीन चालू ही नहीं पाई

दो साल से पचैर में सोनोग्राफी मशीन धूल खा रही है। लोकसभा चुनाव की आचार सहिता से कुछ घंटे पहले सोनो ग्राफी का उद्घाटन मंत्री गोतम टेटवाल ने किया था ,उसके बाद भी अभी तक कोई व्यवस्था इसे शुरू करने की नहीं हुई है।

### इनका कहना है

कोड ऊपर ही जनरेट होना हे, वरिष्ठ स्तर पर अवगत करवा दिया गया,पत्र भी लिख दिया गया है

**विकास शर्मा,**
प्रभारी स्वास्थ केन्द्र

### प्रशासन ने परिवाद बताकर लगाया जमीन पर स्टे, पीड़िता ने कलेक्टर व एसपी से लगाई न्याय की गुहार

# आफिया की गुहार- भू माफिया को करें मेरी पैतृक भूमि से बाहर

**टी आई ने आरोपी भू माफिया के पक्ष में दिया इस्तगाशा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा/ खिलचीपुर

अपने पिता की आकस्मिक मौत के बाद जहां बेटी पर परिवार के भरण पोषण की जिम्मेदारी आई उधर गिद्ध दृष्टि रखे हुए भू माफिया सक्रिय हो गए। खिलचीपुर प्रशासन और भूमाफिया की सांठगांठ के चलते भूमि पर स्टे दे दिया गया है। इसमें पुलिस ने भी इस्तगासा प्रस्तुत करते हुए अपना रूख भू माफिया की तरफ ही रखा। पीड़िता के परिवार की स्थिती यह है किवह अब फसल करने तक से बंचित हो गई है और उसके सामने रोजी रोटी का संकट खडा हो गया है।

### भू माफिया का खेल! अब मामला निबटने तक भूमि पहुंची शासन के अधिपत्य में

सूत्रों की माने तो रज्जाक ने कई बीघा शासकीय जमीन पर अपना अवैध कब्जा जमा रखा है जिसमें अलग अलग जगह के सरकारी पटटे भी अपने नाम करवा लिए है । प्रश्न यह उठता है एक इंसान को सरकार कितने पटटे दे सकती है विश्वस्त सूत्रों की माने तो रज्जाक के परिजन पटवारी रहते हुए इस तरह का अवैध काम भी हुआ है हरिभूमि इसका भी जल्दी खुलासा करेगी। इस मामले में भी यही हुआ जब भू माफिया ने पीडिता को अकेला पाकर अपनी ताकत का लोहा मनवाने के लिए प्रशासन के हाथों में भूमि का करवा दिया। इसमें पीडिता की बात को सुना ही नहीं गया। इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पीडिता की जमीन से भू माफिया द्वारा जेसीबी लाकर तोड़े गए के स्व पिता के नाम के बोर्ड को तोड़ने पर की




शिकायत पीड़िता ने थाने में जाकर एफआईआर का आवेदन दिया। जिसपर तहसीलदार से पुलिस ने भूमि मालिक और घटना स्थल की कब्जा रिपोर्ट भी ली लेकिन बजाये आरोपियों के खिलाफ एफआईआर करने ने थाना प्रभारी ने एसडीएम को परिवाद पत्र के माध्यम से बालिका आफिया की भूमि पर आरोपी पक्ष का दावेदार बताते हुए उक्त आवेदिका की पैतृक भूमि को विवादित बता दिया। साथ ही इस मामले के खत्म होने तक भूमि को शासन के अधिपत्य में रखने की लिखित अनुशंसा की।

### पीड़िता ने की पुलिस कर्मी और पूनम पर एफआईआर दर्ज करने की मांग

गौरतलब है कि आवेदिका ने पुलिस को दी शिकायत में उसकी निजी भूमि पर लगा बोर्ड तोड़ने की शिकायत कर आरोपी पूनम और पुलिस कर्मी रूपेश पर एफ आई आर की मांग की थी और साथ ही घटना मे प्रयुक्त जेसीबी जप्त कर अल्बा लोहे का बोर्ड जो आरोपी उठा ले गए थे उसे वापस मांगा था लेकिन पुलिस की इस कार्यवाही के बाद अब वह उल्टे अपनी जमीन पर फसल करने से वंचित होकर न्याय के लिए घूम रहीं है।

### 20-25 फीट भूमि पर रज्जाक ने चलवाया ट्रैक्टर

बालिका आफिया की भूमि के पश्चिम दिशा मे शासकीय भूमि हे जो राजस्व अभिलेखों में भी दर्ज है, इस पर नगर मे शासकीय जमीनों के सबसे बड़े कब्जेदार निजवानी परिवार के कजा कर मारा और अपनी गंदी नियत के चलते मृतक की भूमि पर 20 -25 फिट ट्रेक्टर चला डाला इतना ही नहीं कि भूमि स्वामी मृतक मुस्तकिम की बालिका आफिया के नाम कि एक शिकायत पुलिस थाना और पुलिस अधीक्षक को भी भूमाफिया रज्जाक मिजवानी के परिवार कि है जिससे पिता की मौत के बाद वारिस बने परिजनों पर दबाव बनाकर जमीन हड़पी जा सके।

हरिभूमि से चर्चा के दौरान पीड़िता ने बताया कि उसके पिता की मौत के बाद रज्जाक मिजवानी,पूनम और खुद को पुलिस अधीक्षक बताने वाले रूपेश दांगी आदि उसकी पुश्तैनी जमीन को हड़पना चाहते हैं । थाना प्रभारी भी इनसे जुड़े हैं मेने कलेक्टर साहब और एसपी साहब से शिकायत के बाद इन पर कारवाई की मांग की है व एसडीएम साहिबा भी जांच कर रहीं है।

**खबर संक्षेप**

## बूथ लेवल ऑफिसर्स का प्रशिक्षण आयोजित

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के सुधार एवं बूथ लेवर ऑफिसर्स की शंकाओं का समाधान करने के उद्देश्य से जिले में सभी बीएलओ के प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आष्टा में बूथ लेवल ऑफिसर्स के प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी बीएलओ को मतदाता सूची में नाम जोड़ना, हटाना, संशोधन करना सहित अन्य बिंदुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही सभी को बीएलओ के दायित्वों के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षण के बाद आयोग द्वारा बनाई गई लिंक के माध्यम से सभी बीएलओ की ऑनलाइन परीक्षा भी आयोजित कराई गई।

## ओटीआर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य

**सीहोर।** कक्षा नौवीं से कॉलेज स्तर तक अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के विद्यार्थी जिन्हें केन्द्र प्रवर्तित प्री-मैट्रिक अथवा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त होता है और जिनके परिवार की वार्षिक आय सीमा 2 लाख 50 हजार से कम है, उन्हें वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) कराना अनिवार्य है। विद्यार्थियों को एक बार ओटीआर नम्बर प्राप्त करने के पश्चात भविष्य में भी आगामी कक्षाओं में इसी नम्बर के आधार पर छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ मिल सकेगा तथा फिर से ओटीआर कराने की आवश्यकता नही होगी। विद्यार्थी को 30 जुलाई से पहले अपना ओटीआर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। ओटीआर के लिए विद्यार्थी के आधार नंबर से मोबाइल नंबर एवं बैंक खाता लिंक होना अनिवार्य है।

## पटाखा साइलेंसर वाली बुलेट जब्त, लगा जुर्माना


**आष्टा।** थाना आष्टा पुलिस ने बुधवार रात गश्त के दौरान एक बुलेट मोटरसाइकिल जब्त की। बाइक में पटाखा साइलेंसर लगा था। चालक मुकेश पिता गोरेलाल बंजारा, निवासी पचोर जिला राजगढ़, इस सायलेंसर से शहर में तेज आवाज कर ध्वनि प्रदूषण फैला रहा था। इससे लोगों में डर और अशांति का माहौल बन रहा था। थाना प्रभारी गिरीश दुबे के नेतृत्व में कार्रवाई की गई।

### बीईओ ने हरिभूमि की खबर पर लिया संज्ञान, आदेश किए जारी

# शिक्षक अब अपनी मूल संस्था में ही करेंगे शैक्षणिक कार्य, अटैचमेंट किए समाप्त

कार्यालयों में बाबूगिरी कर रहे शिक्षक अब अपनी मूल संस्था में छात्र-छात्राओं को पढ़ाएंगे। अटैचमेंट के कारण बच्चों की पढ़ाई हो रही थी प्रभावित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



935

कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकास खण्ड आष्टा
जिला सीहोर म0प्र0 466116

कमांक /433/ स्था./ 2025 आष्टा,दिनांक 10.7.2025

प्रति,
समस्त संकुल प्राचार्य
विकासखण्ड आष्टा

विषयः– समस्त शिक्षकों को अपनी उपस्थिति मूल संस्था में देने के संबंध में।

उपरोक्त विषय अनुसार आपको आदेशित किया जाता है कि ऐसे शिक्षक जो प्रतिनियुक्ति पर नही है वह अन्य संस्था में गैर शैक्षणिक कार्य में कार्यरत है ऐसे कर्मचारीयों को अपनी मूल संस्था में उपस्थिति देने हेतु निर्देशित करें यह आदेश प्रभारी जन शिक्षकों को पर भी लागू होगा।

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी
विकासखण्ड आष्टा

पृ.कमांक /434/ 2025 आष्टा,दिनांक 10.07.2025
प्रतिलिपिः–
01. श्रीमान कलेक्टर महोदय जिला सीहोर की ओर सादर सूचनार्थ।
02. श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व आष्टा की ओर सादर सूचनार्थ।
03. श्रीमान जिला शिक्षा अधिकारी महोदय जिला सीहोर की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी
विकासखण्ड आष्टा



स्कूल में पदस्थ शिक्षक बईओ में अटैच, ऐसे कैसे सुधरेगा शिक्षा का स्तर

ग्राम खड़ी के स्कूल में पदस्थ शिक्षक बीईओ कार्यालय में देख रहे एकाउंटेंट का काम

ग्राम खड़ी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 7 शिक्षक पदस्थ हैं। हरिभूमि पड़ताल में दो शिक्षक मिले नदारद, एक बीईओ में देख रहे अकाउंटेंट का काम, दूसरा शिक्षक मेडिकल लीव पर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अनुभाग के अंतर्गत आने वाले ग्राम खड़ी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बारे में विश्वसनीय सूत्रों द्वारा जानकारी प्राप्त हुई कि विद्यालय में पदस्थ शिक्षक अलसुबह आकर उपस्थित दर्ज कर रोजाना कहीं गायब हो जाते हैं। जिससे बच्चों की पढ़ाई पर खासा असर पड़ रहा है, जानकारी प्राप्त होते ही हरिभूमि की टीम उक्त स्कूल पहुंची। जहां विद्यालय प्रभारी सतीश कुमार वर्मा कार्यालय में उपस्थित थे। हमारे सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने बताया कि वर्तमान में विद्यालय में 7 शिक्षक पदस्थ हैं। जिनमें से सीताराम वर्मा बीईओ ऑफिस में हैं। और शिवलाल वर्मा मेडिकल लीव पर है।

हरिभूमि जांच-पड़ताल



ग्राम खड़ी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ शिक्षक हर रोज स्कूल में आकर हाजरी रजिस्टर पर हस्ताक्षकर करने के बाद रोजाना कहीं गायब हो जाते थे, जिससे बच्चों की पढ़ाई पर खासा असर पड़ पड़ रहा था। इस तरह के हालात क्षेत्र में अन्य जगह भी बने हुए थे। इस मामले को हरिभूमि ने गंभीरता उठाया और 9 जुलाई को ग्राम खड़ीहाट के स्कूल के एक शिक्षक को बीईओ कार्यालय में बाबूगिरी करने की खबर को प्रकाशित किया। खड़ीहाट विद्यालय का जायजा लेने के दौरान हरिभूमि संवाददाता को स्कूल के प्रभारी सतीश कुमार वर्मा ने बताया कि वर्तमान में विद्यालय में 7 शिक्षक पदस्थ हैं, जिनमें से सीताराम वर्मा बीईओ ऑफिस में अटैच हैं। इस मामले को लेकर हरिभूमि ने 9 जुलाई को ग्राम खड़ी के स्कूल में पदस्थ शिक्षक बीईओ कार्यालय में देख रहे एकाउंटेंट का काम शीर्षक से खबर को प्रमुखता से प्रकाशित कर स्कूल के हालातों को लेकर जिम्मेदारों को भी अवगत कराया था। जिसके बाद जागे शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों ने 10 जुलाई को आदेश जारी कर वही सभी शिक्षक जो मूल संस्था में सेवा न देकर अन्य जगह सेवा दे रहे थे, उन्हे अपनी उपस्थिति मूल संस्था में देने को लेकर आदेश जारी किए है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जारी आदेश के तहत आदेश दिया गया कि ऐसे शिक्षक जो प्रतिनियुक्ति पर नहीं है, वह अन्य संस्था में गैर शैक्षणिक कार्य में कार्यरत हैं ऐसे कर्मचारियों को अपनी मूल संस्था में उपस्थिति देने हेतु निर्देशित किया है। अगर इस आदेश पर सही तरीके से अमल में लाया जाए तो सरकारी स्कूल में अध्यन करने वाले विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा, और परीक्षा परिणाम भी सुधर जाएंगे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुशवाहा ने बताया कि जो शिक्षक अन्य जगह कार्य कर रहे है, उन्हे अपने मूल पदस्थापना वाली जगह पर शैक्षणिक कार्य करने के आदेश जारी किए हैं।

खबर का असर

# जागे लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार सड़क मरम्मत का काम किया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



बारिश के दिनों में ग्राम बमुलिया रायमल की सड़के गड्ढों में बदल जाती है, वहीं सड़क किनारे बने स्कूल के पास गड्ढों के कारण बच्चों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इसी समस्या को लेकर हरिभूमि ने लापरवाही के कारण कीचड़ भरे गड्ढों में तब्दील हुई सड़क, स्कूल के बच्चों को हो रही परेशानी को लेकर प्रमुखता से खबर का प्रकाश किया था। साथ ही गांव की सड़क की जर्जर हालत को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों को भी अवगत कराया था। खबर प्रकाशन के बाद पिडब्ल्यूडी विभाग द्वारा लोक निर्माण विभाग ने सड़क में हो रहे गड्ढों को भरने मुरम डलवाकर मरम्मत का काम शुरू कर दिया। वही सड़क निर्माण को लेकर भी नियम अनुसार प्रक्रिया भी तेज की गई। फिलहाल बारिश के दिनों में सड़क की मरम्मत होने से आम जन और स्कूल के बच्चों को आवाजन में आसानी होगी।

खबर का असर



लापरवाही के कारण कीचड़ भरे गड्ढों में तब्दील हुई सड़क, स्कूल के बच्चों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

## जिलाध्यक्ष बने राजकुमार राठौर

**सीहोर।** अखिल भारतीय तेली महासभा हिन्दु तेली समाज का एक सशक्त राष्ट्रीय संगठन है। संगठन के राष्ट्रीय महिला संरक्षक यशोदा बेन मोदी, राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक तेली रविकरण साहु, राष्ट्रीय अध्यक्ष तेली बाबुलाल राठौर, म.प्र. प्रभारी तेली गिरधारी लाल राठौर, मप्र संरक्षक तेली हिरालाल बलसोरा, राष्ट्रीय महासचिव रामलक्ष्मण साहु, प्रदेश महासचिव तेली समरथ साहु एडवोकेट की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष तेली राधेश्याम अस्तोलिया द्वारा राजकुमार राठौर को सीहोर जिला युवा अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया है। संगठन के प्रति राजकुमार राठौर सेवा भावना, कर्मठता, जागरूकता एवं कर्तव्यनिष्ठा को दृष्टिगत रखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही आशा व्यक्त की गई है कि कि आप सच्ची निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे।

# भगवान महावीर स्वामी की वीर शासन जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जैन धर्म के अंतिम शासन नायक चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की वीर शासन जयंती श्रावण कृष्ण एकम शुक्रवार 11 जुलाई को जैन समाज द्वारा बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई। श्री चंद्र प्रभु मंदिर समिति के राजेंद्र गंगवाल एवं अंकित जैन ने बताया कि वीर शासन जयंती - दिव्य ध्वनि जयघोष आज ही के दिन हुआ था। उन्होंने बताया कि जिस दिन भगवान के मुख से दिव्य ध्वनि खिरती है उसी दिन से उन तीर्थंकर का शासनकाल प्रारंभ होता है।जब तक आगामी तीर्थंकर की दिव्य ध्वनि नहीं खिरती तब तक वर्तमान शासन नायक का ही शासन चलता है। तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के शासन में प्रवर्त रहे हैं।

गंगवाल ने बताया कि भगवान महावीर स्वामी को केवल्य ज्ञान होने के 66 दिन बाद वीर - वाणी का जयघोष विपुलाचल गिरी पर हुआ था। उसके बाद लगातार 30 वर्षों तक भगवान की दिव्य ध्वनि 18 महाभाषा और 700 लघु भाषा में खिरने लगी। प्रतिदिन दिन में 3 बार 6-6 घड़ी के लिए खिरती थी।एक घड़ी 24 मिनट। श्री गंगवाल ने बताया कि तीर्थंकर वह होते हैं जो केवलज्ञान होने के पश्चात समवशरण धर्म सभा में दिव्य ध्वनि से धर्म का उपदेश देते हैं। तीर्थंकर ऋषभदेव से तीर्थंकर पार्श्वनाथ तक 23 तीर्थंकरों ने केवलज्ञान प्राप्त कर धर्म का उपदेश दिया। धर्म का उपदेश देना प्रभावना कार्य है। जब तक धर्म उपदेश चलते हैं वह धर्म प्रभावना काल है। धर्म प्रभावना काल को शासन भी कहते हैं। वर्तमान में चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का शासन काल है, जिन्हें वीर कहते हैं। भगवान महावीर के उपदेश देने की तिथि को वीर शासन जयंती कहते हैं। समवशरण अर्थात धर्म सभा, जहां सभी स्वर्ग के देव, मनुष्य, स्त्री, पशु-पक्षी जीवों को मुक्ति मार्ग को सुनने का समान अवसर मिलता है। भगवान महावीर की दिव्य ध्वनि 66 दिन तक नहीं खिरी क्योंकि उनके गणधर जो दिव्य ध्वनि को ग्रहण करते हैं, वह उपस्थित नहीं थे।

गौतम स्वामी और उनके 500 शिष्य भगवान महावीर स्वामी के समवशरण में आए और दिगंबर साधु बनकर भगवान के प्रमुख गणधर बन गए तब से भगवान की दिव्य ध्वनि खिरने लगी और उनका शासन प्रारंभ हुआ। भगवान का अहिंसा वाला धर्म शासन अनंत जीवों को मुक्ति का कारण बनता है। जिससे आज भी धरती पर मानवता टिकी हुई है। भगवान महावीर की दिव्य ध्वनि से निकली वाणी ही जिनवाणी है। जिसके ज्ञान से आज भी हम सब धर्म और मोक्ष मार्ग समझ रहे हैं। भगवान की वाणी, जिनवाणी ही उनका शासन है।जिसे पढ़ना, समझना और जीवन में उतारना एवं प्रचार करना हमारा परम कर्तव्य है।

# णमोकार महामंत्र बोलने से कई कर्मों की निर्जरा होगी, धर्म का रथ श्रावक और संतों से ही आगे बढ़ेगा : सानंद सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



णमोकार महामंत्र बोलने से कई कर्मों की निर्जरा होगी। जब मंदिर जी में कोई पूजन कर रहा हो, सामूहिक स्वाध्याय चल रहा हो तो तेज आवाज में घंटी न बजाए ,आवाज के शोर से सभी का ध्यान भटक जाएगा और आपको अंतराय कर्म का बंध होगा इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए ।मंदिर में ऐसा उच्चारण करें जिससे दूसरे को विध्न न हो।ऐसा बोलें की आपको ही सुनाई दे।अज्ञानता वश अहंकार से गलत शब्द नहीं बोले, स्वप्न में भी ऐसा नहीं करें। मन, वचन और काया से क्षमायाचना क्यों करते हैं, किसी बोल से अपनी व दूसरे की दुर्गति न हो। ऐसा सानिध्य प्राप्त करें जिससे अभी और भविष्य अच्छा व्यतीत हो। पाप छोड़ने योग्य है और पुण्य अधिक बढ़ाने के लिए पुण्य छोड़ना नहीं।

श्रावक का प्रथम कर्तव्य देव पूजन है। धर्म का रथ श्रावक और संतों से ही आगे बढ़ेगा ।कल का भरोसा नहीं, इसलिए समय पर काम करें। अपनी आत्मा का कल्याण करें। वीतरागता के उपासक हो तो रागी के पास नहीं जाना चाहिए।रागी को भगवान जैसे नहीं मानें। नारकीय और देवों की संतान नहीं होती है, सांसारिक की संतान होती है। वीतरागता को पूजें। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजमान आचार्य आर्जव सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री सानंद सागर ने आशीष वचन देते हुए कही। आपने कहां गुरु नाम गुरु आचार्य विद्यासागर जी से हमे इतना मिला कि किसी ओर की जरूरत नही।आचार्य श्री आर्जव सागर जी से हमें संस्कार मिले है।कोई भी क्रिया करो ऐसी करो जिससे कि हमसे किसी को किसी प्रकार का कष्ट न हो। मुनिश्री सानंद सागर जी ने कहा भोजन को औषधि बनाए,देव दर्शन इसलिए करते हैं प्रभु आपने जो प्राप्त किया है वह हमें भी प्राप्त हो। हमारी आत्मा नवनीत मक्खन की तरह है। सम्यकदृष्टि और मिथ्या दृष्टि में आपने अंतर समझाया। हम आत्मा के कल्याण की बात बोलते हैं। संसार छोड़ने के लिए पुरुषार्थ करना पड़ता है। कुछ शास्त्र पढ़कर अपने आपको ज्ञानी मानते हो तो गलत है।जो ज्ञान है, उससे अधिक ज्ञान वाले हैं, आज भी अज्ञानता है और ज्ञान प्राप्त करें,ज्ञान के विपासु बनकर आत्म कल्याण करें।

अपने विवेक का उपयोग करें।आप लोग वीतरागता के उपासक हो,आप रागी व्यक्ति के पास जा रहें हों, अभी तो वह खुद दुर्गति की ओर बढ़ रहा है तो वह आपका क्या भला करेंगा। जहां कपड़ा वहां लफड़ा। हमने कपड़े नहीं छोड़े जब तक बहुत विकल्प आते थे, कपड़े छोड़ कर संयम के मार्ग पर अग्रसर हुए तब से कोई विकल्प नहीं आया।पुरुषार्थ सही दिशा में करें, मायाचारी करने वाले की दुर्गति ही होती है, मायाचारी नहीं करें,जिस कुल में हो उसके कर्तव्य का पालन करें। मुनिश्री सानंद सागर जी ने कहा घर से मंदिर के भाव रखकर आएंगे तो वहीं से पुण्य अर्जित होने लगेगा। उठकर सबसे पहले नो बार अपने हृदय में णमोकार महामंत्र को बसा लो। किसी भी परिस्थिति में हो पंच परमेष्ठि का स्मरण करें।

मुनिश्री सानंद सागर ने कहा कि अभी तक हमने संसार में क्या किया उसी को लेकर नही उससे आगे का लक्ष्य बनाए। भूतकाल में आप ने कुछ अच्छा किया होगा जो आज हमें मनुष्य पर्याय और जैन कुल मिल गया। सच्चे देव, शास्त्र ,गुरु की शरण मिल गई। जिसका वर्तमान उज्जवल होगा उसका भविष्य भी उज्जवल होगा। सबसे पहले देवदर्शन की विधि सीखे, रूढ़िवादी से हमारे पूर्वज जो करते आये वह नही जो समीचीन मार्ग विधि हो उसे समझे जैसा भगवान ने किया वैसा हम करते नही, इस लिए आज तक हमे सुख -शांति नही मिली ।यह जीव अनंत काल से संसार में परिभ्रमण कर रहा है अभी हम परम्परा का निर्वहन कर रहे हैं। अपना विवेक नही लगा रहे हैं। भगवान पद्मासन मुद्रा लगा कर हाथों पर हाथ रख कर बैठ गए है ।नासा दृष्टि से अपने अंदर के परिणामो को देखकर ही केवल्य ज्ञान प्राप्त कर लेते है। विपरीत चलेंगे तो मोक्ष मार्ग प्राप्त नही हो सकता। मन वचन काय की एकता से ही मोक्ष मार्ग प्राप्त हो सकता है। भव्य आत्मा कहती है कि जब जागो तब सवेरा, अब जाग जाओ हम जगाने आए हैं। चतुर्मास हमें जगाने आया है, नींद से उठ कर धर्म -ध्यान में मन लगाओ, भविष्य उज्जवल होगा। किला मंदिर पर प्रति दिन प्रातः 8:15 बजे आचार्य श्री की महामांगलिक पूजन, 8:30 बजे मुनि द्वय के मंगल प्रवचन होंगे।

# अधिवक्ता परिषद तहसील ईकाई ने गुरु पूर्णिमा के पर्व पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



अधिवक्ता परिषद तहसील ईकाई आष्टा ने गुरु पूर्णिमा का पर्व वरिष्ठ अधिवक्ताओं का स्वागत एवं सम्मान कर मनाया। तहसील ईकाई के अध्यक्ष रामेश्वर धनगर उपाध्यक्ष जीवन सिंह खजुरिया ने बताया कि आज गुरु पूर्णिमा पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं जो की हमारे कार्य क्षेत्र में हमारे गुरु है वरिष्ठ अधिवक्ता नगीन चंद जैन साहब, रुप सिंह ठाकुर भाईसाहब,सौभाग्य सिंह ठाकुर, कान्ति लाल जोशी, नरेन्द्र शर्मा, विजेन्द्र सिंह ठाकुर का माला एवं अपर्णा पहनाकर श्रीफल भेंटकर कर स्वागत एवं सम्मान कर सभी कनिष्ठ अधिवक्ताओं ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

अभिभाषक संघ आष्टा के युवा अभिभाषक अक्षत पाठक का जन्मदिन मनाया गया। सभी ने स्वागत कर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर निलेश कुमार शर्मा एडवोकेट, जितेन्द्र दुबे, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष कृपाल सिंह ठाकुर, सचिव कुलदीप शर्मा, सीताराम परमार, बाबू लाल परमार, योगेन्द्र सिंह ठाकुर, भुपेश जामलिया, दिनेश सोनी, अक्षत पाठक, आशीष जौशी, जीवन नागलिया सहित अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

### सकल हिंदू समाज अध्यक्षों ने सर्वसम्मति से कार्यकारी अध्यक्ष को किया नियुक्त

# सकल अध्यक्षों ने कार्यकारी अध्यक्ष का पूर्व पार्षद को दिया पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के काछी मोहल्ला स्थित राधा कृष्ण मंदिर पर कुशवाहा समाज ने सकल हिंदू समाज के अध्यक्षों द्वारा सर्वसम्मति से सकल समाज का कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर पूर्व पार्षद नरेंद्र कुशवाहा का स्वागत समारोह आयोजित किया। स्वागत आयोजन में सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्णा एवं श्रीराम जी की पूजन अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया तथा ढोल नगाड़ों के बीच भगवान लव कुश के जयकारो के साथ सकल हिन्दू समाज के अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव और सर्वसम्मति से कार्यकारी अध्यक्ष चुने गए नरेंद्र कुशवाहा का पुष्प माला एवं साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया। कुशवाहा समाज ने आतिशबाजी चलाकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई।

इस अवसर पर नरेंद्र कुशवाहा ने अपने उद्बोधन में कहा कि कुशवाह समाज के जिला अध्यक्ष के रूप में मेरा जितना दायित्व कुशवाह समाज के लिए है उतना ही सकल हिंदू समाज के लिए है। हम सनातन परंपरा के सभी धार्मिक आयोजनों को भव्य रूप से संपन्न करने का प्रयास करेंगे तथा मिलजुल कर हिंदू समाज को एकता के सूत्र में बांधे रखेंगे। नरेंद्र कुशवाह ने सभी समाज जन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में चल रही रूढ़िवादी प्रथा को समाप्त करने के लिए और समाज को उच्च शिखर पर ले जाने के लिए हम संकल्पित हैं इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी प्रकाश कुशवाहा मामा, लव कुश जयंती अध्यक्ष महेन्द्र कुशवाहा, जिला युवा संगठन उपाध्यक्ष गोपाल कुशवाहा,राम कुशवाहा, सेवाराम कुशवाहा, मोहनलाल कुशवाहा सरपंच, अभिषेक, लोकेश, शुभम, विशाल, मोहित , विजय कुशवाहा, गौतम कुशवाहा, कीर्तन कुशवाहा, ललित कुशवाहा, सौरभ कुशवाहा, प्रेम नारायण कुशवाहा, राधेश्याम कुशवाहा, पवन कुशवाहा, सचिन कुशवाहा, सुशील कुशवाहा, लाखन सेन, सिध्दांत जयसवाल, कन्हैया लाल शर्मा, हेमराज कुशवाहा, अमरचंद कुशवाहा, राहुल कुशवाहा, भागीरथ कुशवाहा, घनश्याम कुशवाहा, केसरी माल कुशवाहा, धन्नालाल कुशवाहा, जितेंद्र कुशवाहा आदि ने कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह एवम सकल हिन्दू समाज के सभी पदाधिकारियों को बधाई दी।

# मार्टिनेट विद्यालय में विद्यार्थी कैबिनेट के गठन के लिए हुई वोटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का विकास हो तथा वे भविष्य में किसी भी पद के कर्तव्य पालन में श्रेष्ठ सिद्ध हो सकें। इसी उद्देश्य को लेकर विद्यालयों में स्टूडेण्ड कैबिनेट का गठन किया जाता है। इसी प्रक्रिया के तहत मार्टिनेट विद्यालय, अलीपुर आष्टा में आज सीनियर और जूनियर कैबिनेट के गठन के लिए वोटिंग सम्पन्न की गई। सीनियर कैबिनेट के गठन के लिये कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने हेड बॉय, हेड गर्ल सहित अन्य पदो के लिये अपने वोट का प्रयोग किया जबकि जूनियर केबिनेट के गठन के लिए कक्षा 5 से 8 तक के विद्यार्थियों नें अपने वोट का प्रयोग किया। साथ ही शिक्षिक-शिक्षिकाओं द्वारा भी वोटिंग की गई।

विद्यालय के मैनेजर विनीत कुमार त्रिवेदी नें सभी विद्यार्थियों को सही प्रत्याशी को वोट देने का महत्व समझाया वहीं वोटिंग बूथ अधिकारी के रूप में विद्यालय की प्रिंसिपल प्रीति त्रिवेदी, अकेडमिक इंचार्ज अतुल सुराणा एवं शिखा तिवारी कंप्यूटर ऑपरेटर कुशल भूतिया तैनात रहे और निष्पक्ष रहते हुए वोटिंग प्रक्रिया को सम्पन्न करवाया ताकि एक सुदृढ़ स्टूडेण्ट कैबिनेट का गठन किया जा सके। वोटों की गिनती करके शीघ्र ही परिणाम घोषित किये जायेंगे और चुने गये विद्यार्थी पदाधिकारियों का शपथ समारोह आयोजित कर उन्हें उनके पद और कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई जाएगी।